**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

**09 अप्रैल 2020**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**कोविड-19 जामिया ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और सुविधा के लिए 13 सदस्यीय समिति गठित की**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने कोविड-19 की वजह से लाकडाउन की स्थिति को देखते हुए, विश्वविद्यालय के हास्टलों, कैंपस या उससे बारह रह रहे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी भलाई के लिए एक 13 सदस्यीय मेंटल हेल्थ एंड काउंसलिंग कमेटी (एमएचसीसी) का गठन किया है।**

**सोशल वर्क डिपार्टमेंट के प्रो एस.एम. साजिद इस समिति के अध्यक्ष और मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर नवेद इकबाल, संयोजक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू), चीफ प्रॉक्टर, ओएसडी (प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) सामाजिक कार्य और मनोविज्ञान विभाग के फैकल्टी सदस्य, प्रोवोस्ट जी.पी. गर्ल्स हॉस्टल और सीएमओ समिति के सदस्य हैं।**

**कोविड -19 के हालात को देखते हुए समिति शुरू में 3 महीने तक (फेस टू फेस / ऑनलाइन) परामर्श के लिए साप्ताहिक बैठक करेगी और इसके बाद विश्वविद्यालय इसे जारी रखने के बारे में समीक्षा करेगा।**

**समिति इस अवधि में हर दिन चैबीसों घंटे के लिए एक टेलीफोन हेल्पलाइन स्थापित करेगी जिसके जरिए छात्र काउंसलिंग सेवा का लाभ ले सकेंगे। सदस्यों के मोबाइल को भी सीधे संपर्क के लिए साझा किया जाएगा।**

**यह समिति साइको-सोशल सपोर्ट सेवाओं के लिए, सीमित स्वयंसेवकों की भी सूची जारी करेगी। ये स्वयंसेवक (रिसर्च स्कॉलर्स और एनएसएस के) रोटेशन के आधार पर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।**

**जामिया की यह समिति मुश्किल हालात में बाहरी विशेषज्ञों और संसाधनों की भी सहायता ले सकती है।**

**जरूरत पड़ने पर समिति हॉस्टल और परिसर के अन्य हिस्सों का दौरा करेगी।**

**एमएचसीसी के फोन नंबर सहित, समिति के बारे में आवश्यक जानकारी देने के लिए जामिया कैंपस और हॉस्टल आदि में पोस्टर लगाए जाएंगे।**

**समिति के संयोजक सभी बैठकों के मिनटों और की गई कार्रवाइयों का रिकॉर्ड रखेंगे और सभी संबंधित लोगों को इसे ऑनलाइन उपलब्ध कराएंगे।**

**अहमद अज़ीम**
**जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया समन्वयक**